# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (15.12.2024)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 15.12.2024, PAGE-07

**बीआरएबीयू इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट के मेंस कैटेगरी में लोहिया कॉलेज की टीम विजेता**

# एलएस कॉलेज की टीम ओवरऑल चैंपियन

**स्पोर्ट्स**

- मेजबान कॉलेज के एथलीटों ने बटोरे सर्वाधिक मेडल
- वीमेंस में टीपी वर्मा कॉलेज को 15वीं बार खिताब

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। मेजबान एलएस कॉलेज की टीम ने शनिवार को बीआरएबीयू इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट का ओवरऑल खिताब जीत लिया। एलएस कॉलेज के मेंस व वीमेंस एथलीटों ने सर्वाधिक मेडल बटोरकर 90 अंकों के साथ अपनी टीम को अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया।

एलएस कॉलेज मेंस टीम को डॉ. राममनोहर लोहिया कॉलेज की टीम से पहली बार चुनौती मिला। लोहिया कॉलेज की टीम 52 अंकों के साथ मेंस कैटेगरी में चैम्पियन बनी। वीमेंस कैटेगरी में टीपी वर्मा कॉलेज की टीम 62 अंक हासिल कर लगातार 15वीं बार सिरमौर बनी। टीपी वर्मा के एथलीटों के सामने एमडीडीएम कॉलेज, एमएसकेबी कॉलेज और आरबीबीएम कॉलेज की एथलीट नहीं टिक पायी। टीपी वर्मा कॉलेज की वीमेंस टीम ने ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में सात गोल्ड, सात सिल्वर व दो मेडल जीते। विवि स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार, एलएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओपी राय व आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. एसआर चतुर्वेदी ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

डॉ. कांतेश ने कहा कि इस मीट के आधार पर विवि टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाया जाएगा। कैंप के आधार पर विवि मेंस व वीमेंस टीम का गठन किया जाएगा। विवि की टीम किट विवि, भुवनेश्वर में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेगी।

उन्होंने इंटर कॉलेज मीट के सफल आयोजन के लिए आयोजन सचिव महेन्द्र प्रसाद को धन्यवाद दिया। मौके पर आरडीएस कॉलेज के खेल निदेशक रविशंकर कुमार, टीपी वर्मा कॉलेज के सुनील वर्मा, एमएस कॉलेज के खेल निदेशक मनोरंजन प्रसाद सिंह, एनआईएस एथलेटिक्स अभिजीत आंनद, रेकॉर्डर राकेश कुमार मिंटू आदि मौजूद थे।



एलएस कॉलेज मैदान में शनिवार को बीआरएबीयू इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी और मेडल के साथ।

## मुजफ्फरपुर की आश पाहुजा को मिला रजत पदक

मुजफ्फरपुर। नई दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बीते 13 दिसंबर को आयोजित नेशनल अंडर-19 स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में बिहार ने तीन पदक जीते। बिहार वुशू एसोसिएशन की महासचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि मुजफ्फरपुर की आश पाहुजा को 65 किलो भार में रजत, बक्सर की प्रियांशु कुमारी को अंडर 48 किलो व नालंदा की कुमकुम कुमारी को अंडर 40 किलो में ब्रांज मेडल मिला।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 15.12.2024, PAGE-06**



सीनेट हॉल में आयोजित सिंपोजियम में शनिवार को विचार रखते वक्ता।

# छात्रों की उपस्थिति में सुधार की जरूरत : वीसी

**सिंपोजियम शुरू**

- नवाचार की दिशा में करना होगा काम : प्रो. संजय
- विवि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयास करे : शिक्षा निदेशक

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। विश्वविद्यालय में क्वालिटी रिसर्च एंड एजुकेशन मुख्य प्राथमिकता रही है। विवि में शोध के वातावरण व क्वालिटी रिसर्च पेपर प्रकाशन पर काम हुए हैं, मगर कोविड काल के बाद वर्ग में छात्रों की उपस्थिति कम हो गई है। इसमें सुधार की जरूरत है। ये बातें शनिवार को बीआरएबीयू के भौतिक विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इन्नोवेशंस इन फिजिकल साइंसेज एंड इन्नोवेशंस का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. डीसी राय ने कही।

विवि के सीनेट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, विधान परिषद के सदस्य प्रो. संजय कुमार सिंह, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. रेखा कुमारी, कुलानुशासक प्रो. बी.एस. राय, कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा, भौतिक विभाग अध्यक्ष तथा सिंपोजियम के चेयरपर्सन प्रो. ललन कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधान परिषद सदस्य प्रो. संजय ने कहा कि शोध एवं नवाचार की दिशा में विवि के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को लगातार काम करना होगा। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने कहा कि विवि की भूमिका ज्ञान को उत्सर्जित कर उसका फैलाव करने की है। विवि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में अनवरत प्रयास करे। मुख्य वक्ता आई.यू.ए.सी. दिल्ली के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और नवाचार की चर्चा की। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. रंजन कुमार सिंह, प्रो. तरुण कुमारी, कुलसचिव डॉ. अपराजिता ने भी अपने विचार रखे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 15.12.2024, PAGE-07**

# 'ऑनलाइन कक्षा से ग्रामीण छात्र भी ले सकते हैं शिक्षा'



शनिवार को एलएनटी कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान स्मारिका का विमोचन करतीं उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी, वीसी प्रो. डीसी राय व अन्य।

- एलएनटी कॉलेज में आयोजित हुई संगोष्ठी
- कॉलेज में ऑनलाइन स्टूडियो' का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। सरकार की योजनाओं को सही से लागू करना ही हमारा प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। इसकी आखिरी मंजिल हमारे छात्र ही हैं। इन सारी सुविधाओं का लाभ छात्रों को मिलना चाहिए। ऑनलाइन स्टूडियो के माध्यम से सुदूर देहात में रहने वाले छात्र भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। ये बातें शनिवार को एलएनटी कॉलेज में 'ऑनलाइन वर्ग संचालन की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उच्च शिक्षा निदेशक डा. रेखा कुमारी ने कही। मौके पर 'वीणा स्मृति सभागार' एवं 'ऑनलाइन स्टूडियो' का उद्घाटन बीआरएबीयू के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय व कुल सचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने किया।

स्वागत भाषण करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों को शैक्षिक क्षेत्र में यथासंभव सुविधा मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि कम संसाधनों में भी कॉलेज को समसामयिक शक्ति की दक्षता प्रदान करते हुए ऑनलाइन कक्षा को लेकर स्टूडियो का निर्माण अन्य कॉलेज के लिए प्रेरणादायक है। कुलसचिव डॉ .अपराजिता कृष्णा ने कहा कि शैक्षिक उपलब्धता हमारे देश की संपत्ति है। मुख्य वक्ता छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ.आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि ऑनलाइन कक्षा आज की जरूरत है। मौके पर मैथिली विभाग अध्यक्ष डॉ. विजयेंद्र झा की पत्रिका कोसा का लोकार्पण किया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 15.12.2024, PAGE-04

# एलएस कालेज सर्वाधिक अंकों से ओवरआल चैंपियन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मेजबान एलएस कालेज की टीम सर्वाधिक 90 अंक लेकर ओवरआल चैंपियन बनी। टीम चैंपियनशिप का खिताब महिला वर्ग में 62 अंक लेकर टीपी वर्मा कालेज नरकटियागंज व पुरुष वर्ग में डा. राम मनोहर लोहिया कालेज ने 52 अंक लेकर प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि के रूप में एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. एसआर चतुर्वेदी, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. कांतेश कुमार, डा. नवीन कुमार, आयोजन संयोजक महेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार वर्मा, मनोरंजन प्रसाद सिंह, रविशंकर कुमार, विनीता वर्मा, सुजीत कुमार, दीपक कुमार, मिथिलेश कुमार मणि, मो. निसार सहित अन्य मौजूद रहे।



अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे पदक जीतने वाले खिलाड़ी ● जागरण

**शनिवार की स्पर्धा का परिणाम :**
**महिला वर्ग :** हैमर थ्रो में एलएस कालेज की नेहा कुमारी ने स्वर्ण, आरबीबीएम कालेज की शाहजहां परवीन ने रजत और फिजा परवीन ने कांस्य, चक्का प्रक्षेपण में आरडीएस कालेज की निष्ठा मिश्रा ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज की मिनी कुमारी ने रजत एवं आरबीबीएम की फिजा परवीन ने कांस्य, 200 मीटर रेस में टीपी वर्मा कालेज की निशा कुमारी ने स्वर्ण, रामेश्वर कालेज की पूजा कुमारी ने रजत एवं टीपी वर्मा कालेज की पलक कुमारी ने कांस्य, 400 मीटर बाधा दौड़ में लोहिया कालेज की दिव्या ने स्वर्ण, आरबीबीएम की शुभा कुमारी ने रजत एवं प्रियंका कुमारी ने कांस्य, चार सौ मीटर रिले में लोहिया कालेज ने स्वर्ण, टीपी वर्मा कालेज ने रजत व एलएस कालेज ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष वर्ग :** 800 मीटर रेस में रामेश्वर कालेज के सत्यम कुमार ने स्वर्ण, एलएस कालेज के गौरव कुमार ने रजत, 10 हजार मीटर रेस में एलएस कालेज के श्याम कुमार ने स्वर्ण, अमन राज ने कांस्य, 110 मीटर बाधा दौड़ में लोहिया कालेज के मो. शाकिब ने स्वर्ण, एवं आरडीएस कालेज के नीतीश कुमार ने कांस्य, चक्का प्रक्षेपण में एलएस कालेज के निशांत ने रजत, हैमर थ्रो में एलएनटी के आदित्य राज ने स्वर्ण, एलएस कालेज के निशांत कुमार ने रजत पदक जीता।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.12.2024, PAGE-04**

# ऐसा करें प्रयास, गुणवत्तापूर्ण मिले शिक्षा

## विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशक ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को किया संबोधित

- कह-विश्वविद्यालय की भूमिका ज्ञान का सर्वत्र फैलाव करने की
- शोध व नवाचार में मिलकर कार्य करने की जरूरत: विधान पार्षद



सीनेट हाल में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में बोलते अतिथि ● जागरण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** विश्वविद्यालय की भूमिका ज्ञान को उत्सर्जित कर उसका सर्वत्र फैलाव करने की है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय हर दिशा में अनवरत प्रयास करें।

उक्त बातें उच्च शिक्षा निदेशक डा. रेखा कुमारी ने शनिवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में भौतिक विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। ''कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इनोवेशंस इन फिजिकल साइंसेज एंड इनोवेशंस'' विषय पर सेमिनार में बोलते हुए विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि शोध एवं नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालय, शिक्षक एवं शोधार्थियों को लगातार काम करना होगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने में शोध एवं नवाचार की अग्रणी भूमिका होगी।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने अपने संबोधन में कहा कि पद संभालने के बाद से ही विश्वविद्यालय में क्वालिटी रिसर्च एंड एजुकेशन उनकी मुख्य प्राथमिकता रही है। विश्वविद्यालय में शोध का वातावरण एवं क्वालिटी रिसर्च पेपर प्रकाशन के लिए कार्य त्वरित गति से हुए। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद वर्ग में छात्रों की उपस्थिति कम हुई है। इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बन सकता है और रिसेंट रिसर्च एंड इनोवेशंस से भारत की आर्थिक संरचना को भी मजबूती मिलेगी।

कुलसचिव डा. अपराजिता कृष्णा ने वर्तमान में इंटर डिसीप्लिनरी रिसर्च को प्रोत्साहित करने एवं शोध कार्य को गति देने हेतु एक्सचेंज प्रोग्राम को बढ़ावा देने पर बल दिया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. रंजन कुमार सिंह ने कहा कि बिहार प्रतिभा से पूर्ण राज्य है। सर्वांगीण शैक्षणिक विकास लिए भूमिका सुनिश्चित करने का समय अब आ गया है।

भौतिक विभाग की प्रो. तारण कुमारी ने कहा कि छात्रों एवं शोधार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाने और नवाचार में रुचि उत्पन्न करने का काम शिक्षकों का है। साथ ही उनके मस्तिष्क में चल रहे प्रश्नों के समाधान के लिए भी शिक्षकों को आगे आना होगा। मुख्य वक्ता आइयूएसी दिल्ली के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और नवाचार विषय पर लोगों को बताया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, विधान परिषद के सदस्य प्रोफेसर संजय कुमार सिंह, उच्च शिक्षा निदेशक डा. रेखा कुमारी, कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा, भौतिक विभाग अध्यक्ष तथा सिंपोजियम के चेयरपर्सन प्रो. ललन कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रो. ललन कुमार झा ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डा. सर्वेश दुबे, डा.पिनाकी लाहा, डा. अर्चना और धन्यवाद ज्ञापन विभाग के प्रो. संजय कुमार ने किया।

### छात्र-छात्राओं को योजनाओं का मिले लाभ : डा. रेखा कुमारी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** सरकार की योजनाओं को लागू करना ही प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। आखिरी मंजिल हमारे छात्र है। इन सारी सुविधाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिलना चाहिए। उक्त बातें उच्च शिक्षा निदेशक डा. रेखा कुमारी ने ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आनलाइन वर्ग संचालन की प्रासंगिकता विषय आयोजित संगोष्ठी के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आनलाइन स्टूडियो के माध्यम से सुदूर रहने वाले छात्र भी शिक्षा ग्रहण कर सकते है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक, बीआर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय, कुलसचिव डा. अपराजिता कृष्णा ने वीणा स्मृति सभागार एवं आनलाइन स्टूडियो का उद्घाटन किया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अभय कुमार सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता छात्रों को शैक्षिक क्षेत्र में यथासंभव सुविधा मुहैया करानी है। इस अवसर पर मैथिली विभाग अध्यक्ष डा. विजयेंद्र झा की पत्रिका कोसा का विमोचन किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र छात्राओं ने पूरे कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंच संचालन डा. अर्चना सिंह और धन्यवाद ज्ञापन चितरंजन कुमार ने किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# विश्व गुरू भारत

E-mail: vgbsamachar@gmail.com R.N.I. No. : DEL HIN/2016/67087

वर्ष : 09 अंक : 280 14 दिसम्बर, 2024 शनिवार राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र पृष्ठ : 04 मूल्य : 2 रुपये


मुजफरपुर १४ दिसम्बर २०२४ मोहन मोहन ठाकुर विश्व गुरु भारत, बिहार ब्यूरो चीफ।

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई जीवछ महाविद्यालय, मोतीपुर के यशस्वी प्राचार्य डा. रामनरेश पंडित रमण के सराहनीय प्रयास एवं ऐतिहासिक कार्य अपने महाविद्यालय में नालन्दा खुला विश्व विद्यालय अध्ययन केन्द्र लाकर उन्होंने शाबाशी का हक तो हासिल कर ही लिया है।

प्राचार्य डॉ. रामनरेश पंडित रमण अपने योगदान के साथ ही जीवछ महाविद्यालय के उन्नयन की दिशा में प्रयत्नशील हो गये। महाविद्यालय के जंग लगे परिसर को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किया। इसके बाद पढाई, अनुशासन , खेल-कूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, लाईब्रेरी, लेबरोटरी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ महाविद्यालय के रंग-रोगन करवाकर सौन्दर्य प्रदान किया। इसके बाद नालन्दा खुला विश्व विद्यालय के अध्ययन केंद्र की स्थापना की आवश्यकता समझकर इस दिशा में प्रयास शुरू किया। प्रयास का सार्थक परिणाम सामने आ गया कि यहां नालंदा खुला विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र की स्वीकृति प्राप्त हुई और आज स्टडी सेंटर कोड SSS-22-33-009 प्राप्त हुआ।

प्राचार्य डॉ राम नरेश बताते है कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीमान संजय कुमार एवं बी आर ए बिहार विश्व विद्यालय के कुलपति श्रीमान डॉक्टर दिनेश चंद्र राय के भरपूर सहयोग के बल पर महा विद्यालय को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इसीलिए महा विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें आभार व्यक्त करते हैं।

जीवछ महाविद्यालय मोतीपुर, को नालन्दा खुला विश्वविद्यालय का मिल गया Study center Code: SSS-22-33-009.

हर्षोल्लास एवं प्रसन्नता का वातावरण कायम।

प्राचार्य डा. रामनरेश पंडित "रमण" ने नालन्दा खुला विश्व विद्यालय के कुलपति श्रीमान, संजय कुमार एवं बी.आर.ए.बिहार विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय के प्रति आभार जताया।